मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रीवा में दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का करेंगे शुभारंभ।
- आज करगिल विजय दिवस पर प्रदेश में कार्यक्रमो का आयोजन, मुख्यमंत्री रीवा में आयोजित कार्यक्रम होगें शामिल।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के पांच जिलो में भारी बारिश का रेड अलर्ट किया जारी, भोपाल सहित अधिकांश जिलों मे हो रही है तेज बारिश।

भारत-मॉलदीव-संयुक्त वक्तव्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। श्री मोदी, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के विशेष आमंत्रण पर मालदीव की राजकीय यात्रा पर हैं। कल प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत, मॉलदीव के विकास और समृद्धि के हर कदम पर उसके साथ रहेगा। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू के साथ एक संयुक्त वक्तव्य में, श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच मित्रता सदैव मज़बूत और स्पष्ट रहेगी। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा में आपसी सहयोग दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि एक साझा लक्ष्य है। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने अपनी आर्थिक साझेदारी बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

प्रधानमंत्री तमिलनाडु दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से तमिलनाडु के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। ब्रिटेन और मालदीव से लौटने के बाद वे सीधे तूतीकोरिन जाएंगे जहां आज चार हजार आठ सौ करोड़ रूपये लागत की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

## रिजिजू-ऑपरेशन सिंदूर

जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की कार्रवाई पर सोमवार को लोकसभा में विशेष चर्चा होगी। यह निर्णय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में लिया गया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कल नई दिल्ली में बताया कि मंगलवार को राज्यसभा में चर्चा का समय मिला है।

## रीवा कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रीवा में दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ाना है। साथ ही मध्यप्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि तथा विंध्य क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए राज्य में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें उपमुख्यमंत्री  राजेंद्र शुक्ल और पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी मौजूद रहेंगे।

## अटल पेंशन योजना

केंद्र सरकार की अटल पेंशन योजना के अंशधारकों की संख्या आठ करोड़ को पार कर गई है। दस साल पहले शुरु हुई यह योजना भारत सरकार की अग्रणी सामाजिक सुरक्षा योजना है। यह देश के सभी नागरिकों के लिए एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है जो मुख्य रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है।

## करगिल विजय दिवस

देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिन करगिल युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन विजय की सफलता

का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रदेश में भी आज कई आयोजन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव  रीवा के सैनिक स्कूल पहुंचकर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों का नमन करेंगे। और शहीदों के सम्मान समारोह में कारगिल युद्ध के शहीदों के परिजनों और वीर नारियों को सम्मानित करेंगे। शिवपुरी में माधव चौक से एक रैली का आयोजन किया गया है। रतलाम के सराय स्थित शहीद चौक में शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। कल प्रदेश के 30 से अधिक जिलो में बारिश हुई, सीधी में करीब 5 इंच बारिश हुई वहीं सिंगरौली में 7 इंच बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए प्रदेश के पांच जिलो में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया हैं। इन में रायसेन, सागर, दमोह, पन्ना, सतना और रीवा शामिल हैं। इसके अलावा 21 जिलो में ओरैंज अलर्ट जारी किया गया हैं। प्रदेश के बाकी जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट है। बैतूल के सारणी के सतपुड़ा बांध सात गेट खोल दिए गए हैं। मुरैना के पगारा बांध के 6 गेट खोल दिए गए हैं। भोपाल में कल रात से तेज बारिश जारी हैं।

नशा मुक्ति

पुलिस विभाग द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत विभिन्न् जागरुकता के कार्यक्रम प्रदेश में जारी है। रायसेन जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान का कलेक्टर  अरूण कुमार विश्वकर्मा और पुलिस अधीक्षक  पंकज पाण्डे द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि नशीले पदार्थो का सेवन करने से ना केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य की हानि होती है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक हानि भी होती है। इसी तरह खंडवा में कल गौरी कुंज में कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा किया गया। “नशे को कहें ना” हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। अशोकनगर में 29 जुलाई को जनजागृति रैली का आयोजन किया जाएगा, रैली के समापन पर नशामुक्ति संबंधी शपथ दिलाई जायेगी।

क्रिकेट

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन, इंग्लैंड आज भारत के साथ अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 544 रन से आगे खेलेगा। कल तीसरे दिन मेज़बान टीम 186 रन से आगे थी। बेन स्टोक्स और लियाम डॉसन क्रीज़ पर थे। भारत ने पहली पारी में 358 रन बनाए थे। फ़िलहाल, भारत पाँच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-2 से पीछे है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सतना जिले के सिंहपुर और हरदुआ के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री सिंहपुर स्टेडियम में आयोजित महिला सम्मेलन एवं आम सभा को संबोधित करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव “समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम” में 30 जुलाई को जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे।
- शिवपुरी में एक अगस्त से आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों के तहत कल कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी और पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने भर्ती स्थल निरीक्षण किया ।
- सतना के जिला चिकित्सालय में आरबीएसके टीम द्वारा क्लब फुट के बच्चों के लिए कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 34 बच्चों का पंजीयन किया गया।
- छिन्दवाड़ा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने राजस्व अधिकारियों की कल मासिक समीक्षा बैठक ली। इसमें विभागीय योजनाओं, अभियानों और प्रकरणों की अनुविभागवार और तहसीलवार गहन समीक्षा की गई।
- मंदसौर कलेक्टर अदिती गर्ग ने कल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धुंधडका में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर का निरीक्षण किया। शिविर के दौरान 200 से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच की गई।
- मंडला जिले के सभी शासकीय आईटीआई के विभिन्न ट्रेड्स में रिक्त स्थानों पर अगले चरण में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हैं। पुराने रजिस्ट्रेशन में सुधार एवं च्वाईस फिलिंग 26 जुलाई से 1 अगस्त तक की जा सकती है।

- पन्ना मे संस्कृति विभाग द्वारा इस वर्ष भी जिला प्रशासन के सहयोग से जन्माष्टमी के अवसर पर आगामी 16-17 अगस्त को श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण पर्व का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- नई पेंशन प्रणाली एनपीएस के संबंध में आगरमालवा जिले के समस्त आहरण, संवितरण अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ।

-------